राजभाषा प्रभाग
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज-211004 (भारत)
**Rajbhasha Prabhag**
**Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad**
Prayagraj-211004 (India)

# कार्यवृत्त

**विषय : मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की दिनांक 20 सितंबर, 2022 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक का कार्यवृत्त।**

संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति व हिंदी सलाहकार समिति की वर्ष 2022-23 की द्वितीय तिमाही की संयुक्त बैठक दिनांक 20.09.2022 दोपहर 12.00 बजे, प्रो0 रमा शंकर वर्मा, निदेशक, मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद की अध्यक्षता में संस्थान के सभागार में आयोजित की गई।

**उक्त बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित हुए:-**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 रमा शंकर वर्मा, निदेशक | - | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 नीरज त्यागी, | - | उपाध्यक्ष |
| 3. | प्रो0 मनोज माधव गोरे, अधिष्ठाता (संकाय कल्याण) | - | सदस्य |
| 4. | प्रो0 गीतिका, अधिष्ठाता, (संसाधन जनन अंतर्राष्ट्रीय मामले) | - | सदस्य |
| 5. | प्रो0 लक्ष्मीकान्त मिश्र, अधिष्ठाता (शैक्षिक) | - | सदस्य |
| 6. | प्रो0 पाल्सन सैमुअल , अधिष्ठाता (छात्र कल्याण) | - | सदस्य |
| 7. | प्रो0 अनिल कुमार सचान, अधिष्ठाता (योजना एवं विकास) | - | सदस्य |
| 8. | प्रो0 प्रदीप कुमार मेहता, विभागाध्यक्ष जानपद अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 9. | प्रो0 राजेन्द्र कुमार नगरिया, विभागाध्यक्ष, सूक्ष्मकणिका एवं संचार अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 10. | प्रो0 राजेश गुप्ता, विभागाध्यक्ष, विद्युत अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 11. | प्रो0 साधना सचान, विभागाध्यक्ष, रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 12. | प्रो0 पी.के.दत्ता, विभागाध्यक्ष, रसायन विभाग | - | सदस्य |
| 13. | डा0 रवीन्द्र त्रिपाठी, विभागाध्यक्ष मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग | - | सदस्य |
| 14. | डा0 गोरख नाथ, विभागाध्यक्ष, गणित विभाग | - | सदस्य |
| 15. | डा0 विष्णु अग्रवाल, जैव प्रौद्योगिकी विभाग | - | सदस्य |
| 16. | डा0 सर्वेश कुमार तिवारी, कुलसचिव | - | सदस्य |
| 17. | प्रो0 मुकुल शुक्ला, यांत्रिकी अभियांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 18. | प्रो0 पी. पी. सहाय, भौतिक विज्ञान विभाग | - | सदस्य |
| 19. | डॉ0 अक्षय रंजन पाल, प्रयुक्त यांत्रिकी विभाग | - | सदस्य |
| 20. | डा0 राकेश कुमार, प्रबंध अध्ययन विभाग | - | सदस्य |
| 21. | डा0 रामजी द्विवेदी, कार्यवाहक अध्यक्ष,भौगोलिक सूचना प्रकोष्ठ प्रणाली | - | सदस्य |
| 22. | श्रीमती मनीषा यादव, सहायक कुलसचिव, अधिष्ठाता(शोध एवं परामर्श) | - | सदस्य |

अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यों के स्वागत उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। बैठक में निम्न महत्वपूर्ण मदों पर विचार-विमर्श किया गया:-

**मद सं. 1: दिनांक 30 जून, 2022 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि :-**

राजभाषा कार्यान्वियन समिति की पिछली बैठक दिनांक 30 जून, 2022 को आयोजित की गई थी। बैठक का कार्यवृत्त अपेक्षित कार्रवाई के लिए समिति के समस्त सदस्यों के मध्य प्रसारित किया गया था। किसी भी सदस्य से कार्यवृत्त के संबंध में कोई टिप्पणी अथवा सुझाव प्राप्त न होने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी।

**मद सं. 2: संस्थान की हिंदी के प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा :-**

- अध्यक्ष महोदय ने कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के बढते प्रयोग एवं हिन्दी पत्राचार की स्थिति पर विभिन्न कार्यालयों/विभागों में हो रही प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। जिन कार्यालयों में शत प्रतिशत अथवा 95% से अधिक कार्य हिन्दी में हो रहा है उनकी प्रशंसा की तथा 100% लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करने के लिए अन्य सभी सदस्यों को निर्देश दिया ताकि मंत्रालय या राजभाषा संसदीय समिति के निरीक्षण के समय स्थिति सुखद रहे। आपने यह भी कहा कि संस्थान में राजभाषा संबंधी सभी प्रावधानों का अक्षरश: अनुपालन किया जाना चाहिए।
- हिन्दी पत्राचार को बढ़ाने के क्रम में यह निर्णय लिया गया कि विभिन्न रिपोर्टों को भेजते समय सहपत्र/ अग्रसारण पत्र हिन्दी में तैयार किया जाएं तथा रिपोर्टें उसके साथ संलग्नक के रूप में भेजी जाएं।
- समीक्षा के दौरान समिति को अवगत कराया कि पिछली तिमाही के दौरान संस्थान में फाइलों पर 77% टिप्पणियां हिंदी में लिखी गईं जो कि राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित 75% लक्ष्य से अधिक है। अध्यक्ष महोदय ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा इसी प्रकार आगे भी प्रयास जारी रखने का आग्रह किया।

**मद सं. 3: धारा 3(3) एवं नियम-5 पर विचार-विमर्श :-**

आंकड़ों की समीक्षा के दौरान अध्यक्ष महोदय ने यह पाया कि सभी कार्यालयों/ विभागों द्वारा राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) एवं नियम 5 का अनुपालन किया जा रहा है। इस बिन्दु पर आगे भी हमें बेहद सजग एवं सतर्क रहने की जरूरत है ताकि संस्थान में राजभाषा के प्रावधानों का समुचित अनुपालन होता रहे।

**मद सं. 4: हिंदी कार्यशाला का आयोजन :-**

वर्तमान तिमाही के दौरान रसायन विभाग ने दिनांक 19.09.2022 को हिंदी कार्यशाला का आयोजन जानपद अभियांत्रिकी विभाग द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया जिसमें कुल 82 प्रतिभागी शामिल हुए। समिति ने यह भी निर्णय लिया कि आगामी तिमाही (अक्तूबर से दिसंबर 2022) के दौरान हिंदी कार्यशाला का आयोजन संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा कराया जाए।

**मद सं. 5 : अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय :-**

अंतत: सदस्य सचिव महोदय ने समिति को सूचित किया कि संस्थान में हिन्दी पखवाड़े का आयोजन दिनांक 14.9.2022 से 28.9.2022 तक किया जा रहा है। इस दौरान हिन्दी की विविध प्रतियोगिताएं यथा-हिन्दी काव्यपाठ, हिन्दी निबंध लेखन, हिन्दी शब्द ज्ञान, हिन्दी टिप्पण आलेखन,हिन्दी टाइपिंग तथा हिन्दी सुलेख आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिताएं "क" "ख" "ग" सभी वर्गों के कार्मिकों के लिए अलग–अलग आयोजित की जाएंगी। अत: बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से विशेष अनुरोध है कि वे

अपने विभाग/ अनुभाग में कार्यरत सभी कार्मिकों को हिन्दी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित करें तथा हिन्दी पखवाड़े के आयोजन को सफल बनाएँ।

इस प्रकार, अध्यक्ष महोदय एवं संस्थान के सभी गणमान्य सदस्यों के प्रति धन्यवाद के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

सर्वेश 13/x/22

**(सर्वेश कुमार तिवारी)**
**कुलसचिव एवं सदस्य सचिव**

**(रमा शंकर वर्मा )**
**निदेशक एवं अध्यक्ष**